# सिंधी भाषा हिंदी की मौसी : गोपाल बलवानी

▶ सिंधी भाषा दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं, विजेताओं को किया पुरस्कृत




**उज्जैन। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद दिल्ली के सहयोग से संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अब्दालपुरा में सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की उज्जैन जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य अजय रोहेड़ा, समाजसेवी गोपाल बलवानी और मुरलीधर मोटवानी थे। अध्यक्षता दौलत खेमचंदानी ने की। शुभारंभ भगवान झूलेलाल, स्वामी लीला शाह और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्बोधन में गोपाल बलवानी ने सिंधी भाषा को हिंदी भाषा की मौसी बताया। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा के अनेक शब्द हिंदी एवं संस्कृत से मिलते हैं। अजय रोहेड़ा ने बच्चों को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक सिंधी भाषा का उपयोग करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। मुरलीधर मोटवानी ने कार्यक्रम संयोजन की प्रशंसा की। अतिथियों का स्वागत संस्था प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, सचिव नीतू बलवानी, भारती खेमचंदानी, बिंदिया बलवानी, निशा रामचंदानी, जया थानी, प्रेरणा पमनानी, कोमल बलवानी और डोली खेमचंदानी ने किया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वीर कुमार मामनानी को पुरस्कृत किया गया, जबकि लता बलवानी द्वितीय स्थान पर रहीं। समूह नृत्य के लिए सिंधी भाई बंध पंचायत की महिला विंग को सम्मानित किया गया और ओम अनिका सामाजिक सांस्कृतिक संस्था को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कविता, कहानी और सिंधी लोक गीत गायन के लिए वंशिका लेखवानी, काव्य लेखवानी, वैदेही सोनी, वंशिका रामचंदानी, मुस्कान रामचंदानी, प्रकृति सोनी, समृद्धि एवं सना को पुरस्कृत किया गया। आभार कशिश सीतलानी ने माना।

# सांदीपनि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**घट्टिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा 10 वी एवं 12 वी के परीक्षा परिणामों में शासकीय सांदीपनि विद्यालय घट्टिया का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में कक्षा 10वी में प्रवीणा प्रजापत ने 473 अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, काजल पंवार ने 458 अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा मुस्कान नायक ने 419 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वी वाणिज्य संकाय में प्रीति पंवार ने 443 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रीति प्रजापति ने 440 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वी विज्ञान संकाय से वैष्णवी पाटीदार ने 429 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान तथा कक्षा 12 वी कला संकाय से अंकित झाला ने 416 अंक प्राप्त कर कला छात्र (बालक) वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ तथा प्राचार्य को मिठाई खिलाकर अभिवादन किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील नामदेव ने सफलता प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों को बधाई दी।

## एक नजर में

### नमन व्यास को सुयश



**घट्टिया।** शाश्वत इंटरनेशनल एकेडमी के कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत छात्र नमन पिता उमेश व्यास निवासी जलवा ने सीबीएसई की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बुधवार को जारी परिणामों में 81.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर सुयश प्राप्त किया। छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय सहित परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### डॉ. अंबेडकर के परपोते राजरत्न आंबेडकर का प्रथम उज्जैन आगमन पर अभिनंदन



**उज्जैन।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के परपोते और भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर के प्रथम उज्जैन आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अजाक्स पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ उनका आत्मीय सम्मान किया। जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि स्वागत करने वालों में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी, उज्जैन जिला सचिव मुकेश रायकवार और वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत इकाई उज्जैन के जिलाध्यक्ष रवि सीहोते प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर स्वागत समारोह में भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव सोनटक्के, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मालती झरबड़े और उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र सोलंकी सहित संस्था के कई पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### 10वीं में नैतिक सांगले का सुयश

**इंदौर।** सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र नैतिक सांगले ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। नैतिक का लक्ष्य आईआईटी से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करना है। उसका रुझान रोबेटिक इंजीनियरिंग की तरफ ज्यादा है। नैतिक के पिता धर्मेन्द्र और मां मनीषा सांगले ने बताया कि उसे पढ़ाई के लिए फोर्स नहीं करना पड़ता है। वह खुद अपनी मर्जी से पढ़ाई करता है। स्कूल और कोचिंग के अलावा सेल्फ स्टडी पर भी उसका काफी फोकस रहता है। नैतिक रोज 12-13 घंटे पढ़ाई करता है। चूंकि अगला लक्ष्य यानी आईआईटी के लिए चयन उसके लिए और चुनौतीपूर्ण है, इसलिए पढ़ाई पर और ज्यादा फोकस रहेगा। नैतिक अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ ही अपने माता-पिता को देता है।

### विद्यासागर स्कूल का कक्षा10वीं में उत्कृष्ट परिणाम

**इंदौर.** विद्यासागर स्कूल, बिचौली मर्दाना ने एक बार पुनः अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बनाए रखते हुए कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम रोशन किया है।इस वर्ष का परीक्षा परिणाम न केवल पूर्ण सफलता का प्रतीक है, बल्कि विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है. विशेष रूप से शीर्ष 10 विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। कुल 221 छात्र-छात्राओं में से 19 विद्यार्थियों ने 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है. टॉप 10 विद्यार्थियों में ईशान कुमार सिंह 98.4%, सोनाक्षी पाटीदार 97.6%, सान्वी माहेश्वरी 95.8%, शादान निजाम 95.4%, इशिता चौहान 95%, हर्षवी मेहता 94.2%, सुक्रत व्यास 94.2%, निर्जर कौर छाबड़ा 94%, प्रज्ज्वल यादव 93.6%, सर्वार्थ पांडे 92.8% रहे. विद्यालय की प्राचार्य भावना पुजारी ने इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है. हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के माध्यम से उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना है.

### गौसेवा भारती में पिंगले अध्यक्ष, बोहरा बने महामंत्री

**इंदौर.** गौसेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाशचंद्र खंडेलवाल ने इंदौर इकाई के संगठन मंत्री निलेश गंगराडे की अनुशंसा पर गौसेवा भारती इंदौर की वर्ष 2026-27 के लिए 71 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुरेश पिंगले को अध्यक्ष, उपेन्द्र बोहरा को महामंत्री एवं पंकज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है. नई कार्यकारिणी में 3 संयुक्त महामंत्री, 9 उपाध्यक्ष, 11 मंत्री, 11 सह मंत्री, 16 कार्यकारिणी सदस्य, प्रचार मंत्री तथा 16 विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए गए हैं. संगठन के अध्यक्ष सुरेश पिंगले एवं महामंत्री उपेन्द्र बोहरा ने 27 अप्रैल को होने वाले गौ सम्मान आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि दगाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित कर गौ वंश के हत्यारों को फांसी की सजा का प्रावधान करने तथा देश के हर जिले में गौ-अभ्यारण्य बनाने की 3 सूत्रीय मांगों को लेकर गौ सेवा भारती द्वारा 27 अप्रैल को देशव्यापी व्यापक आन्दोलन किया जाएगा जिसके तहत इंदौर में भी उक्त आन्दोलन चलाया जाएगा. इस अवसर पर वरिष्ठ मार्गदर्शक हुकुमचंद सावला, अशोक गुप्ता हिन्दुस्तानी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे.

### महिला मंडल ने किया सांसद का तिलक वंदन

**इंदौर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है. इसी क्रम में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान कर पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक मातृशक्ति को अधिकार एवं सम्मान दिलाने के ऐतिहासिक निर्णय के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु इंदौर शहर में महिला मंडल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया .सांसद शंकर लालवानी जी, जो प्रधानमंत्री जी के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे, उनका शहर की महिलाओं द्वारा पारंपरिक तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक निर्णय का उत्सव मनाया.

# ग्रामसभा में बनडा के रोजगार सहायक और सरपंच पुत्र के बीच हुई मारपीट

▶ रोजगार सहायक संघ ने सीइओ व पुलिस को दिया ज्ञापन



**घट्टिया।** ग्राम पंचायत बनडा में मंगलवार को आयोजित ग्राम सभा के दौरान रोजगार सहायक हरपालसिंह पंवार और सरपंच पुत्र दर्पण सिंह के बीच हुई मारपीट को लेकर अब तहसील क्षेत्र के रोजगार सहायक लामबंद हो गए। ग्राम रोजगार सहायक संघ मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के बैनर तले रोजगार सहायक पुलिस थाना घट्टिया व जनपद सीइओ कार्यालय पहुंचे। रोजगार सहायकों ने पुलिस थाने पर सरपंच पुत्र को गिरफ्तार करने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की धारा बढ़ाने के लिए ज्ञापन दिया। इसी के साथ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर भी सरपंच पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग का ज्ञापन दिया। हालांकि पुलिस थाना घट्टिया में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई है।

**सीइओ ने लिखा पुलिस को पत्र :** जनपद सीइओ गुमानसिंह मुझालदा ने चर्चा में बताया कि रोज़गार सहायक महासंघ के तत्वावधान में रोजगार सहायक सरपंच पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर एकत्रित हुए थे। जिस पर से मेरे द्वारा पुलिस थाना घट्टिया को पत्र लिखा है।

# सीबीएसई कक्षा 10 की उत्कृष्ट उपलब्धियां



KAVYA MEHTA 15/09/25

AVANI NAMDEV 15/09/25

LAKSHITA CHANDRAWAT 15/09/25

**खाचरौद।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरौद के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सत्र 2026-27 में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 41 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त की, 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की तथा शेष विद्यार्थी पास श्रेणी में रहे। श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ की गौरवशाली परंपरा कायम रही, क्योंकि इस वर्ष टाउन टॉपर मिस अमोली संगमनरकर ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर काव्या मेहता एवं लक्षिता चंद्रावत ने 88त्न अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर अवनी नामदेव ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ को विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है तथा उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।



AMOLI SANGAMNERKAR 15/09/25

# द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**खाचरौद।** स्थानीय स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कान्ता वर्मा एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा उपस्थित रहे।

साथ ही अतिरिक्त अभियोजन अधिकारी रजनीश उपाध्याय एवं एडवोकेट हर्षित चोरड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल की प्रिंसिपल येशा भंसाली ने अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षा के साथ कानूनी ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान, दैनिक जीवन में उपयोगी कानूनों, पोक्सो एक्ट एवं समाचारों पत्रों की मौलिकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी की सराहना की। संचालन अनिता धाकड़ ने किया। समापन पर वाइस प्रिंसिपल राजकुमार सेजवार ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

## महिला उद्यमी को किया सम्मानित

**इंदौर.** माहेश्वरी समाज द्वारा ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय व्यापार महोत्सव में समाज के उद्यमी रियल स्टेट, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक, आधुनिकतम लाइफस्टाइल की कई उपयोगी वस्तुएं व सेवाएं, कारपोरेट गिफ्ट आइटम्स के स्टाल प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे. महिला उद्यमी सुनीता बाहेती द्वारा संचालित अमृत कॉरपोरेट गिफ्ट आइटम्स जिसमें कई आधुनिकतम आकर्षण आइटम्स का प्रदर्शन किया गया. लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दिनेश रणधर, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री व मुकेश असावा मंत्री द्वारा महिला उद्यमी सुनीता बाहेती व परिजनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. यह आयोजन निश्चित रूप से युवा व महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में अत्यंत सफल व सराहनीय रहा.




# कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार ने शहर में 50 स्थानों पर रखे जलपात्र

▶ नागरिकों ने लिया नियमित जल भरने का संकल्प

**उज्जैन।** भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार द्वारा बड़े जलपात्रों का निःशुल्क वितरण कर उनकी स्थापना की गई। संस्था की पिछले 12 वर्षों से निरंतर चल रही सेवा परंपरा के तहत इस वर्ष भी यह अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद विकास मालवीय ने ध्वजारोहण व जलपात्रों के पूजन के साथ किया। संस्था अध्यक्ष कुं. दर्शन ठाकुर ने बताया कि शहर में घरों के बाहर, उद्यानों के समीप और मंदिर परिसरों सहित 40 से 50 स्थानों पर गौमाता, श्वान व अन्य जीवों के लिए यह बड़े जलपात्र स्थापित किए गए हैं।

जलपात्र स्थापना के दौरान संस्था के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिन स्थानों पर जलपात्र रखे गए, वहां उपस्थित नागरिकों से उसी समय जल भरवाकर संकल्प दिलाया गया कि वे नियमित रूप से इन पात्रों की साफ-सफाई रखेंगे और प्रतिदिन इनमें जल भरेंगे, ताकि भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों को राहत मिल सके।

**एक नजर** ▶ क्षमा याचना के साथ पांच दिवसीय वल्लभ जयंती का समापन

# ठाकुरजी को लगा डेढ़ क्विंटल खरबूजे के पने का भोग

▶ पना महोत्सव के साथ समिति संयोजकों का हुआ सम्मान

**उज्जैन। पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां जयंती महोत्सव गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड स्थित आचार्य महाप्रभु की बैठक पर पना मनोरथ के साथ संपन्न हो गया। बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जयंती कार्यक्रम मनाया गया। 11 अप्रैल से चल रहे इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन ठाकुरजी को लगभग डेढ़ क्विंटल खरबूजे के पने का विशेष भोग लगाकर क्षमा याचना की गई और पुष्प वितान सजाया गया।**

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि पुष्टिमार्ग में पना महोत्सव का एक अलग और महत्वपूर्ण स्थान है। यह महोत्सव साल भर में केवल एक बार वल्लभाचार्य जयंती के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाता है। ठाकुरजी को यह श्रम भोग के भाव से धराया जाता है। दरअसल, वल्लभाचार्य जयंती के अंतर्गत ठाकुरजी के विभिन्न प्रकार के मनोरथ किए जाते हैं, जिससे उन्हें होने वाले श्रम के लिए क्षमा याचना हेतु पना महोत्सव का आयोजन होता है। भोग लगाने के पश्चात प्रसाद के रूप में सभी वैष्णवजनों को पना वितरित किया गया। समापन अवसर पर महाप्रभु की बैठक पर पना महोत्सव के साथ समिति संयोजकों का सम्मान भी किया गया।



### विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मची रही धूम

यह महोत्सव गोस्वामी तिलकायत 108 इन्द्रदमन राकेश महाराज के आशीर्वाद और चिरंजीवी भूपेशकुमार विशाल बावा व चिरंजीवी लालगोविन्द अधिराज बावा की आज्ञानुसार मनाया गया। महोत्सव के दौरान ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ हवेली में फूल बंगला सजाकर राजभोग धराया गया। सुबह महाप्रभु बैठक में वल्लभाचार्य द्वारा रोपित पीपल के वृक्ष का दुग्धास्नान किया गया। वहीं सिंहपुरी स्थित गोवर्धननाथ हवेली में यमुनाष्टक पाठ और वल्लभ साखी का आयोजन भी संपन्न हुआ। समापन महोत्सव का संचालन सहसंयोजक आनंद पुरोहित ने किया। आभार विशाल नीमा ने माना। महोत्सव में वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल समिति के सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और संपूर्ण व्यवस्थाएं संभालीं।